MOCK TEST IBPS PRELIMS-13
REASONING APTITUDE

निर्देश (1-5): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

सात मित्र, P, J, A, C, F, Z और W हैं। उनमें से प्रत्येक अलग-अलग कंपनी में कार्य करना चाहता है, जैसे- एनालाइजर, मेटीस, टीसीएस, एम्डोक्स, विप्रो, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा। तथा उनमें से प्रत्येक को अलग-अलग रंग, जैसे-नीला, पीला, हरा, बैंगनी, मरून, कला और लाल, लेकिन जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हों। F को बैंगनी रंग पसंद है और वह मेटीस में कार्य करना चाहता है। A को पीला रंग पसंद है और वह टेक महिंद्रा में कार्य करना चाहता है। W को काला रंग पसंद नहीं है और वह टीसीएस में कार्य नहीं करना चाहता है। वह व्यक्ति, जिसे मरून रंग पसंद है, एम्डोक्स में कार्य करना चाहता है, जबकि वह व्यक्ति, जो विप्रो में कार्य करना चाहता है, नीला रंग पसंद करता है। W, एम्डोक्स में कार्य नहीं करना चाहता है। P को लाल रंग पसंद है, लेकिन Z को हरा या काला रंग पसंद नहीं है और वह एम्डोक्स में कार्य नहीं करना चाहता है। C, एनालाइजर में कार्य करना चाहता है। J, टीसीएस या इन्फोसिस में कार्य नहीं करना चाहता है।

1. इन्फोसिस में कौन कार्य करना चाहता है?
(a) Z (b) W (c) P
(d) आंकड़े अपर्याप्त (e) इनमें से कोई नहीं

2. वह व्यक्ति, जो एनालाइजर कंपनी में कार्य करना चाहता है, कौन सा रंग पसंद करता है?
(a) लाल (b) हरा (c) नीला
(d) आंकड़े अपर्याप्त (e) इनमें से कोई नहीं

3. Z, किसमें कार्य करना चाहता है?
(a) इन्फोसिस (b) एम्डोक्स (c) टीसीएस
(d) विप्रो (e) इनमें से कोई नहीं

4. मरून रंग कौन पसंद करता है?
(a) J (b) Y (c) W
(d) आंकड़े अपर्याप्त (e) इनमें से कोई नहीं

5. व्यक्ति-रंग-कंपनी का निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन सही है?
(a) C-नीला-एनालाइजर (b) P-लाल-टेक महिंद्रा
(c) Z-नीला-विप्रो (d) J-हरा-एम्डोक्स (e) W-मरून-एम्डोक्स

निर्देश (6-8): दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये।

एक निश्चित कूट में, 'ze lo ka gi', 'must make more paisa' का कूट है, 'fe ka so ni', 'she create donate paisa' का कूट है, 'ni lo da so', 'she must be donate' का कूट है और 'we so ze da', 'be donate make grace' का कूट है।

6. निम्नलिखित में से कौन सा 'must' का कूट है?
(a) so (b) da (c) lo
(d) ni (e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

7. कूट 'ze' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?
(a) more (b) must (c) be
(d) grace (e) make

8. निम्नलिखित में से कौन सा 'donate' का कूट है?
(a) so (b) we (c) ze
(d) lo (e) fe

निर्देश (9-13): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

एक मीटिंग में आलग-अलग शहरों के आठ व्यक्ति P, Q, M, S, T, X, Z और W, एक वर्गाकार मेज के चारों ओर केंद्र की तरफ मुंह करके बैठे हैं, लेकिन जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हों। उनमें से प्रत्येक अलग-अलग शहर से है, जैसे-आगरा, लखनऊ, जयपुर, दिल्ली, कोलकाता, गोवा, चेन्नई और पुणे, लेकिन जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हों।

X, दिल्ली वाले व्यक्ति के दायें दूसरे स्थान पर बैठा है। चेन्नई वाले व्यक्ति और Q के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं। M और T एक दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं। चेन्नई वाला व्यक्ति, दिल्ली वाले व्यक्ति का एक निकटतम पड़ोसी है। जयपुर वाला व्यक्ति, S के दायें दूसरे स्थान पर बैठा है, जो लखनऊ से है। Z और आगरा वाला व्यक्ति एक दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं। Q आगरा से नहीं है। M और S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। W, पुणे वाले व्यक्ति के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। गोवा वाला व्यक्ति, कोलकाता वाले व्यक्ति के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। न तो M न T, या तो Q या दिल्ली वाले व्यक्ति का निकटतम पड़ोसी है।

9. दी गई बैठक व्यवस्था के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?
(a) T, आगरा वाले व्यक्ति का एक निकटतम पड़ोसी है।
(b) T, लखनऊ से है।
(c) आगरा वाला व्यक्ति, X का एक निकटतम पड़ोसी है।
(d) पुणे वाला व्यक्ति, X और गोवा वाले व्यक्ति के बीच में बैठा है।
(e) M, S के दायें दूसरे स्थान पर बैठा है।

10. W, निम्नलिखित में से किस देश से संबंधित है?
(a) आगरा (b) जयपुर (c) दिल्ली
(d) कोलकाता (e) पुणे

11. चेन्नई वाले व्यक्ति के सन्दर्भ में, कोलकाता वाले व्यक्ति का स्थान क्या है?
(a) ठीक बाएं (b) बाएं से तीसरा (c) बाएं से दूसरा
(d) बाएं से चौथा (e) बाएं से दूसरा

12. लखनऊ वाले व्यक्ति और M के ठीक बीच में कौन बैठा है?
(a) W (b) जयपुर वाला व्यक्ति
(c) गोवा वाला व्यक्ति (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता
(e) X

13. जब M से वामावर्त दिशा में गिना जाये, तो जयपुर वाले व्यक्ति का स्थान क्या है?
(a) ठीक बाएं (b) बाएं से तीसरा (c) बाएं से दूसरा
(d) बाएं से चौथा (e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (14-15): इन प्रश्नों में @, #, $,★ और % प्रतीकों का प्रयोग अलग-अलग अर्थों में निम्नानुसार किया गया है-

'P @ Q' का अर्थ है 'P, Q से छोटा नहीं है'।
'P # Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो छोटा है न बराबर'।
'P $ Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो बड़ा है न छोटा'।
'P ★ Q' का अर्थ है 'P, Q से बड़ा नहीं है'।
'P % Q' का अर्थ है 'P, Q से न तो बड़ा है न बराबर'।

अब निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, दिए गए कथनों को सही मानते हुए ज्ञात कीजिये, कि उनके नीचे दिए गए दो निष्कर्षों I और II में से कौन सा/से निश्चित रूप से सत्य हैं और उसके अनुसार अपना उत्तर दीजिये।

उत्तर दीजिये:

(a) यदि केवल निष्कर्ष I सत्य है।
(b) यदि केवल II सत्य है।
(c) यदि या तो निष्कर्ष I या II सत्य है।
(d) यदि न तो निष्कर्ष I न II सत्य है।
(e) यदि दोनों निष्कर्ष I और II सत्य हैं।

14. कथन: X @ W, W # H, H % T
निष्कर्ष: I. H % X II. T # W

15. कथन: F # R, Z % R, A ★ Z
निष्कर्ष: I. F # A II. R @ A

निर्देश (16-20): नीचे दिए गए प्रश्नों में से प्रत्येक प्रश्न में चार कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष क्रमांक I, II और III और IV दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सही मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी कथनों को पढ़िए और निर्णय लीजिये कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।

16. कथन: कुछ किक मिक हैं। सभी मिक पिक है।
कुछ पिक स्निक हैं। सभी कार्टून स्निक हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ किक स्निक नहीं हैं।
II. कम से कम कुछ कार्टून पिक हैं। III. कुछ पिक किक हैं।
IV. सभी स्निकों के कार्टून होने की संभावना है।
(a) कोई अनुसरण नहीं करता है (b) केवल II अनुसरण करता है
(c) II और III अनुसरण करते हैं (d) III और IV अनुसरण करते हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

17. कथन: सभी बॉक्स बैग हैं। सभी बैग स्कूल हैं।
कुछ स्कूल कॉलेज हैं। सभी कॉलेज संस्थान हैं।
निष्कर्ष:I. सभी संस्थान बैग हैं।
II. कम से कम कुछ स्कूल संसथान हैं।
III. सभी बैग बॉक्स नहीं हैं।
IV. सभी बॉक्सों के स्कूल होने की संभावना है।
(a) केवल II अनुसरण करता है (b) II और IV अनुसरण करते हैं
(c) III और IV अनुसरण करते हैं (d) I और III अनुसरण करते हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

18. कथन: कुछ पेनाल्टी लक्ष्य हैं। कुछ लक्ष्य पिंग हैं।
सभी पिंग लोकप्रिय हैं। कोई लोकप्रिय गलती नहीं है।
निष्कर्ष:I. सभी लोकप्रिय पेनाल्टी हैं।
II. कुछ पिंग निश्चित रूप से गलती हैं।
III. कम से कम कुछ पेनाल्टी पिंग हैं।
IV. कोई गलती एक पिंग नहीं है।
(a) कोई अनुसरण नहीं करता है (b) केवल I अनुसरण करता है
(c)या तो II या IV अनुसरण करता है
(d) केवल IV अनुसरण करता है (e) इनमें से कोई नहीं

19. कथन: कुछ किताबें पेन हैं। सभी पेन टैबलेट हैं।
सभी टैबलेट पेन्सिल हैं। सभी पेन्सिल लैपटॉप हैं।
निष्कर्ष: I. कम से कम कुछ पेन लैपटॉप हैं।
II. सभी पेंसिलें किताबें हैं।
III. सभी लैपटॉप टैबलेट नहीं हैं।
IV. सभी पेनों के पेन्सिल होने की संभावना है।
(a) केवल IV अनुसरण करता है
(b) या तो II या III अनुसरण करता है
(c) केवल III अनुसरण करता है
(d) केवल I अनुसरण करता है (e) इनमें से कोई नहीं

20. कथन: सभी क्वीन टूप हैं। सभी शत्रु टूप हैं।
सभी वजीर टूप हैं। कुछ वजीर शत्रु हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ वजीर क्वीन हैं। II. केवल टूप शत्रु हैं।
III. सभी टूप वजीर नहीं हैं।
IV. कुछ शत्रुओं के क्वीन होने की संभावना नहीं है।
(a) कोई अनुसरण नहीं करता है (b) केवल I अनुसरण करता है
(c) केवल II अनुसरण करता है (d) II और IV अनुसरण करते हैं
(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (21-25): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

एक कंपनी के सात प्रबंधक हैं- अमन, दिव्यराज, शैलेश, समीर, गौरव, अरुण और अभिषेक, वे तीन अलग-अलग देशों के लिए यात्रा करते हैं, जैसे- ब्रिटेन, रूस और चीन। उनमें से प्रत्येक सप्ताह के अलग-अलग दिन, सोमवार से प्रारंभ करके रविवार तक, यात्रा करता है। प्रत्येक देश की कम से कम दो व्यक्ति यात्रा करते हैं और ब्रिटेन अकेला देश है, जहाँ तीन व्यक्ति जाते हैं।

अमन सोमवार को ब्रिटेन की यात्रा करता है। अरुण रूस की यात्रा करता है, लेकिन न तो मंगलवार को न शनिवार को। अभिषेक रविवार को यात्रा करता है, लेकिन चीन की नहीं। गौरव बुधवार को यात्रा करता है। शैलेश ब्रिटेन की यात्रा करता है, लेकिन गुरूवार को नहीं। दिव्यराज ने चीन की यात्रा नहीं की।

21. यदि प्रत्येक की यात्रा को एक दिन के लिए विलंबित कर दिया जाए, तो बुधवार को कौन यात्रा करेगा?
(a) अरुण (b) शैलेश (c) दिव्यराज
(d) गौरव (e) इनमें से कोई नहीं

22. निम्नलिखित में से कौन सा प्रबंधक शनिवार को यात्रा करता है?
(a) समीर (b) दिव्यराज (c) शैलेश
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता (e) इनमें से कोई नहीं

23. दी गई जानकारी के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा संयोजन सही है?
(a) अरुण–गुरुवार–ब्रिटेन (b) समीर–बुधवार–चीन
(c) अभिषेक–सोमवार–ब्रिटेन (d) शैलेश–शुक्रवार–रूस
(e) उपर्युक्त में से कोई सत्य नहीं है

24. दिव्यराज ने किस देश के लिए और किस दिन यात्रा की?
(a) बुधवार, ब्रिटेन (b) शुक्रवार, रूस (c) गुरुवार, रूस
(d) मंगलवार, रूस (e) इनमें से कोई नहीं

25. किसने सबसे बाद में यात्रा की?
(a) अमन (b) शैलेश (c) अभिषेक
(d) समीर (e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (26-28): इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये।

(i) 'M $ N' का अर्थ है, 'M, N की माँ है'।
(ii) 'M # N' का अर्थ है, 'M, N का पिता है'।
(iii) 'M @ N' का अर्थ है, 'M, N का पति है'।
(iv) 'M % N' का अर्थ है, 'M, N की पुत्री है'।

26. यदि N@Q$M#T, तो N, T से किस प्रकार संबंधित है?
(a) नाना (b) दादा (c) नानी
(d) दादी (e) इनमें से कोई नहीं

27. निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजक दर्शाता है, 'S, H की बहन है?
(a) S$D@F#H (b) H%D@F$S (c) S%D@F$H

CAREER POWER™ AN IIT/IIM ALUMNI COMPANY

(d) H$D@F#S (e) इनमें से कोई नहीं

28. यदि F @ D % K # I, तो F, I से किस प्रकार संबंधित है?
(a) ब्रदर-इन-लॉ (b) बहन (c) सिस्टर-इन-लॉ
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता (e) इनमें से कोई नहीं

29. 36 विद्यार्थियों की एक कक्षा में, P का स्थान शीर्ष से 12 है। Z का स्थान P से तीन स्थान ऊपर है। आखिरी से Z का स्थान क्या है?
(a) 27 (b) 28 (c) 26
(d) 29 (e) इनमें से कोई नहीं

30. रवि अपने घर से उत्तर की ओर चला। 8 किमी की एक दूरी तय करने के बाद, वह बाएं मुड़ा और उसने 6 किमी. की एक दूरी तय की। अब उसके घर से न्यूनतम दूरी कितनी है?
(a) 10 किमी. (b) 16 किमी. (c) 14 किमी.
(d) 2 किमी. (e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (31-35): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिये और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

आठ व्यक्ति जैसे- A, B, C, D, E, F, G और H एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। उनमें से प्रत्येक विभिन्न प्रकार के व्यंजन, जैसे- बटर पनीर, दाल मखनी, मटर पनीर, छोले, आलू-गोबी, चना मसाला, दाल-फ्राई और मिक्स वेज, खाने के लिए एक रेस्तरां में जा रहे हैं, लेकिन जरुरी नहीं कि इसी क्रम में हों।

G उस व्यक्ति के दायें तीसरे स्थान पर बैठा है, जो आलू-गोबी खाता है। A और E एक दूसरे के निकटतम पड़ोसी हैं। न तो A न E, G का एक निकटतम पड़ोसी है। E और दाल फ्राई खाने वाले व्यक्ति के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। मिक्स-वेज खाने वाला व्यक्ति, G के दायें दूसरे स्थान पर बैठा है। H, बटर पनीर खाने वाले व्यक्ति के दायें तीसरे स्थान पर बैठा है। न तो A न E बटर पनीर खाता है। H, मिक्स वेज नहीं खाता है। E और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C, आलू-गोबी खाता है। E, चना मसाला खाता है। G या तो छोले या दाल फ्राई खाता है। दाल मखनी खाने वाला व्यक्ति D के ठीक बाएं बैठा है।

31. H निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजन खाता है?
(a) छोले (b) चना-मसाला (c) दाल-फ्राई
(d) दाल मखनी (e) मटर पनीर

32. निम्नलिखित में से कौन E और B के ठीक बीच में बैठा है?
(a) आलू-गोबी खाने वाला व्यक्ति
(b) बटर पनीर खाने वाला व्यक्ति
(c) D (d) A
(e) मिक्स वेज खाने वाला व्यक्ति

33. उपर्युक्त व्यवस्था के आधार पर किसी निश्चित प्रकार से 'H', 'दाल-फ्राई' से संबंधित है, समान प्रारूप का अनुसरण करते हुए 'B', चना मसाला से संबंधित है। तो समान प्रारूप का अनुसरण करते हुए 'आलू-गोबी' किससे संबंधित है?
(a) F (b) G (c) A
(d) D (e) C

34. D के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?
(a) D के बाएं केवल दो व्यक्ति बैठे हैं।
(b) D, दाल-फ्राई खाने वाले व्यक्ति के दायें तीसरे स्थान पर बैठा है।
(c) E और B, D के निकटतम पड़ोसी हैं।
(d) D, आलू-गोबी खाता है। (e) इनमें से कोई नहीं

35. निम्नलिखित में से कौन चना मसाला खाता है?
(a) F (b) E (c) G
(d) D (e) C

CAREER POWER™
AN IIT/IIM ALUMNI COMPANY